

0220CH04




# दस–दस में गिनो


## चूज़े और चालाक लोमड़ी



टिकलू किसान के खेत में बहुत सारे चूज़े थे। एक दिन एक चालाक लोमड़ी ने इन शरारती चूज़ों को अपने आसपास खेलते देखा।

उस दिन से उसने रोज़ एक–एक कर चूज़ों को चुराना और खाना शुरू कर दिया।

टिकलू को जब यह पता चला तो उसने लोमड़ी से पूछा –





टिकलू ने सुबह और शाम चूज़ों को गिनने की सोची। लेकिन चूज़े तो इधर–उधर घूमते रहते थे। गिने कैसे? उसने कहा – मैं दस–दस चूज़ों को एक–एक टोकरी में रखकर गिनूँगी ... अगर गिनती कम हुई तो इस लोमड़ी की खैर नहीं।

© NCERT not to be republished

अगले दिन सुबह टिकलू ने अपने चूज़ों को गिना।

- दस चूज़ों से भरी यहाँ कितनी टोकरियाँ हैं? ______
- यहाँ सब मिलाकर कितने चूज़े हैं? 50 + 4 = ____



शाम को टिकलू ने फिर चूज़ों की गिनती की।

- दस चूज़ों से भरी टोकरियाँ हैं ________
- कुल मिलाकर ___ + 3 = ___ चूज़े हैं।
- 54 – ___ = ___ लोमड़ी चट कर गई।





© NCERT not to be republished

**बोलो भई कितने?**

भानू जंगल से लकड़ियाँ इकट्ठा करता है और उन्हें बाज़ार में बेचता है।



वह 10 लकड़ियों का 1 गठ्ठर बनाता है।

3 गठ्ठर में ________ लकड़ियाँ हैं।

✤ अब ये कितनी लकड़ियाँ हैं?

कुल __________ लकड़ियाँ

4 गठ्ठर का मतलब है __________ लकड़ियाँ।


इन क्रियाकलापों को करवाने से पहले, बच्चों द्वारा विभिन्न वस्तुओं जैसे लकड़ी, बीज आदि के माध्यम से 10-10 का समूह बनवाएँ। संख्याओं के नाम और उनके लिखित रूप के साथ इन वस्तुओं का संबंध समझने में बच्चों की मदद करें।



2022-23

मालती के घर शादी है।

वह फूलों की माला बना रही है।




- अगर तुम्हारे पास 21 फूल हों तो तुम दस-दस फूलों की कितनी मालाएँ बनाओगे? नीचे बनाकर दिखाओ।

© NCERT not to be republished



2022-23




चलो, लीला की मदद करें।

- वहाँ 10 पेंसिलों के कितने पैकेट हैं?

  ________

- पैकेट से बाहर कितनी पेंसिलें हैं?

  ________

- कुल ________ पेंसिलें हैं।




2022-23

कनक को अलग-अलग तरह की बिंदियों को जमा करने का शौक है।



- उसके पास कितने पैकेट हैं? ________
- कुल कितनी बिंदियाँ हैं? ________

हर एक पैकेट में 3+4+3 बिंदियाँ हैं। अब तुम 10 बिंदियों का समूह कुछ अलग तरीके से बनाओ।



बच्चों द्वारा अंदाज़ा लगाने की अलग-अलग युक्तियों की चर्चा कीजिए। उन्हें दस-दस के समूह में गिनने के लिए प्रेरित कीजिए। दस बिंदियाँ अलग-अलग ढंग से कैसे सजाई जा सकती हैं – इस ओर बच्चों का ध्यान दिलवाइए। आप बच्चों को विभिन्न प्रकार से बिंदियों को सजाने के लिए कह सकते हैं जिससे तुरंत देखते ही वे उनकी गिनती बता सकें।

© NCERT not to be republished